संक्रमण — सरकारी अस्पतालों सहित निजी क्लीनिकों में लग रही मरीजों की भारी भीड़

# सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर के बढ़ रहे मरीज



**नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** बारिश का मौसम होने से मौसम जनित बीमारियों के मरीज भी काफी तादाद में सामने आ रहे हैं। शासकीय अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों तक मरीजों की भीड़ दिखाई दे रही है। बरसात में त्वचा से लेकर पाचन तक की बीमारियों के मरीज इलाज कराने अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, ओपीडी में मरीजों की कतार दिख रही है। शासकीय सिविल अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में उल्टी-दस्त, वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, तेज या सामान्य बुखार, कुछ मलेरिया तथा बाहर एक दो डेंगू के मरीजों की जानकारी मिली है। रोजाना अस्पताल में लगभग 500 से 600 की ओपीडी हो रही है। इनमें 100 से 125 बच्चे एवं अन्य वयस्क लोग होते हैं। ऐसे प्रत्येक मरीज की पैथालॉजी से जांच कराई जा रही है। साथ ही भर्ती मरीजों का भी उचित उपचार कराया जा रहा है। बीमारियां बढ़ने की यह हैं मुख्य वजह इन दिनों एलर्जी, डेंगू, फीवर, मलेरिया, फ्लू इन्फेक्शन, गैस्ट्रोइंटाइटिस, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की बीमारी फैलने का सबसे ज्यादा डर रहता है। चूंकि मानसून के सीजन में सड़कों के आसपास या घरों में जमा पानी में मच्छर पनपने लगते हैं। यह मच्छर डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की बीमारी के लिए जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में मच्छरों से बचने की कोशिश प्राथमिकता से करनी चाहिए। में नमी होने से बातावरण और नमी होने की बजर बढ़ने लगता है। सांस के जरिए बैक्टरिया और वायरस सांस की नली तक पहुंच जाते हैं और सामान्य जुकाम, फ्लू, ब्रोंकाइटिज जैसी बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं। इस मौसम में खाने-पीने की थोड़ी सी भी लापरवाही पाचन को बिगाड़ देती है और कई संक्रामक रोगों को बढ़ा देती है। उल्टी, पेट खराब, खांसी और सर्दी की परेशानी इस मौसम में लोगों को बेहद परेशान करती है। साथ ही इस मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लगती है और संक्रामक रोगों का खतरा बढने लगता है। बरसात के मौसम में मच्छर मक्खामातजी से मिलते हैं और संक्रामक रोगों को फैलाते हैं। जगह-जगह मौजूद पानी और सीलन इन मच्छरों के पनपने के लिए माकूल महौल है। इस मौसम में अगर सेहत का ध्यान नहीं रखा जाए और सतर्कता नहीं बरती जाए तो जान को खतरा भी हो सकता है। अस्पताल अधीक्षक की देखरेख में प्रतिदिन मरीजों की जानकारी ली जा रही है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. उपेंद्र वस्त्रकार ने बीमारियों से बचने परामर्श देते हुए कहा कि कूलर, टायर शौचालय एवं छतों आदि पर जहां भी पानी एकत्र हो उसे तुरंत बहा दें, क्योंकि साफ पानी में डेंगू का वाहक एडीज मच्छर पनपता है, क्षेत्र में डेंगू के प्रकरण निकलते हैं। इससे सावधान रहने की बहुत जरूरत है। वहीं मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव करने के लिए सफाई का ध्यान रखना जरूरी है। मानसून के दौरान सड़कों के आसपास या घरों में जमा पानी में मच्छर पनपने लगते हैं। यह मच्छर डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की बीमारी के लिए जिम्मेदार हैं, ऐसे में इन मच्छरों से बचने की कोशिश करें।

**नियमित रूप से धुंआ करें**

पूरी बॉडी को कपड़ों से कवर करें, ताकि मच्छर नहीं काट सकें। डाइट का खास ख्याल रखें, खाने में ऐसे सुपरफूड्स को शामिल करें जो पोषक तत्वों से भरपूर हो, जिनका सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉंग रहे। आसपास की जगहों पर नियमित रूप से धुंआ करें और अपने घर के पास पानी जमा नही होने दें। हैजा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की वजह से डिहाइड्रेशन और डायरिया की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में बाहर का खाना खाने से परहेज करें और घर का पौष्टिक भोजन खाएं। मॉनसून में साफ और उबला हुआ पानी पिएं। पर्सनल हाइजीन का ख्याल रख कर हाथों को बार-बार वॉश करें। बीमारियों से बचाव करने के लिए जल जमाव वाली जगहों पर जाने से बचें। बीमार होने पर तत्काल चिकित्सक से ही उपचार कराएं मन से स्वयं कोई दवा का सेवन न करें।

# दो निजी स्कूलों की मान्यता रद्द




**साईखेड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि निजी शिक्षण संस्थाओं में जिस तरह मनामनी करते हुये फीस बसूली से लेकर पुस्तको में बदलाव के निर्णय लेते हुये अभिभावकों के जेबों पर जिस तरह डाका डाला जा रहा है उसके चलते अभिभवाक परेशान होने से नही बच पा रहे है। वही दूसरी ओर अनेक शिक्षण संस्थाओं में शासन के माद दंडो को दर किनार करते हुये जिस प्रकार से संचालित किया जा रहा है उसके नजारे आये दिन देखने मिलना आम बात हो चुकी है। इस तरह निजी शिक्षण संस्थाओं की मनमानी पर अंकुश लगना जरूरी है। मगर शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद शासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही मासूम के भविष्य पर विपरित असर डालने से नही चूकती है। क्योंकि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले जहां शिक्षा विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली जाती है। वही दूसरी ओर अभिभावकों में भी नये शिक्षा सत्र को लेकर अपने बच्चों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने तथा उनकी फीस भरने के चलते काफी पैसा खर्च किया जाता है। यदि शिक्षा सत्र शुरू होने के कुछ माह बाद जब शासन द्वारा कोई कार्यवाही करते हुये निर्णय लिया जाता है तो इसका असर निश्चित तौर से मासूम बच्चों के भविष्य से पड़ने से नही चूक पाता है कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय शिक्षा विभाग द्वारा जिस तरह से सांईखेड़ा के दो निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करने का जो आदेश जारी किया गया है। वही निश्चित तौर से शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है सांईखेड़ा के दो निजी स्कूलों की मान्यता रद्द होने संबंधी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया आदेश की काफी जिस तरह सोशल मीडिया पर वायरल होते हुये देखी जा रही है उसको लेकर अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर जहां चिंता देखने मिल रही है तो दूसरी ओर आक्रोश भी पैदा होते हुये देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल आदेश में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 5107/ मान्यता2025 नरसिंहपुर दिनांक 04/08/2025 जो विकास खंड शिक्षा अधिकारी साईखेड़ा के नाम से जारी हुआ है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि सत्र 2025-26 के लिये ऐसे अशासकीय विद्यालय जिनकी मान्यता नवीनीकृत नही हो सकी, में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अन्य निकटवर्ती शासकीय विद्यालय में प्रवेश संबंधी, संदर्भ- लोक शिक्षण संचा. म.प्र. भोपाल पत्र क्र./ मान्यता/ 2025-26/1362 भोपाल दिनांक 01.08.2025 उपरोक्त पत्रानुसार ऐसे अशासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी वद्यालय जिन्हे सत्र 2024-25 तक की अवधि हेतु मान्यता प्राप्त थी एवं इसके उपरांत सत्र 2025-26 एवं आगामी व्यवस्था के संबंध में म.प्र. माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम 2017( यथा संशोधित नियम 2020 एवं 2021) की कंडिका 11 (2) में आवश्यक प्रावधान दिये गये है।




# मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश

**तेंदूखेड़ा।** आजादी की 79 वर्षगांठ को लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा फहराने को चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला महाविद्यालय में 2 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की छात्राओं के द्वारा एनसीसी अधिकारी कैप्टन रोमी मालवीय के द्वारा मानव श्रृंखला तैयार की गई एवं नगर के प्रतिष्ठानों एवं दुकानों में तिरंगा झंडा वितरित किए गए एवं सभी को अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर किरण प्रभा जैन के मार्ग दर्शन में किया गया।

# सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस

**साईखेड़ा।** भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक, डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है। सांदीपनि विद्यालय में इस अवसर पर युवा समाजसेवी शिवांश दुबे के मुख्यातिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश सरस्वती पूजा से हुई जिसमें शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना गाई गयी।

इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत पुस्तकालय स्थापना के महत्व पर भानु प्रताप राजपूत ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांदीपनि विद्यालय में पुस्तकालय के इतिहास पर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने गहन प्रकाश डाला।




युवा शिक्षक सुधीर प्रजापति ने बताया कि पुस्तकालय का महत्व तब अधिक बढ़ जाता है जब आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थी महंगी किताबें नहीं खरीद पाता। प्रियंका विश्वकर्मा ने पुस्तकालय को एक साधना स्थल के रूप में बताया। इसी कड़ी में विद्या विश्वकर्मा ने अपने महाविद्यालय के दौरान किताबों और पुस्तकालय के अनुभव साझा किए। जबकि सरदार सिंह राजपूत ने पुस्तकालय में रखी किताबों की विषयवस्तु से श्रोताओं को अवगत कराया। अर्चना तिवारी किताबों के डिजिटल संस्करण और कागजी संस्करण के उपयोग पर प्रकाश डाला। पूनम बसेडिया ने संगोष्ठी के दौरान प्राप्त सुझावों पर चर्चा की। कार्यक्रम संचालक मनीष शंकर तिवारी ने सुझाव दिए कि पुस्तकालय में पांडुलिपि जैसी प्राचीन लेखन शैली के प्रतिरूपों को भी स्थान मिलना चाहिए। अंत में मोनिका राय ने किताबों और लेखकों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर रीतेश अवस्थी ने आभार जताया। इस अवसर पर मनोहर सिंह पटेल, भागीरथ प्रसाद, कीर्ति चौबे, सोनू बुधौलिया, आरती पटेल, अखिलेश मेहरा, लालसिंह लोधी, रूपसिंह कुशवाहा, आदित्य द्विवेदी, आकाश उपाध्याय, प्रियंका विश्वकर्मा, पल्लवी यादव, खुशबू खरे, ऋषव मेहरा, आनंद राजपूत, सोमेश मेहरा, आकाश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



# अखिल विश्व को सन्मार्ग दिखाने वृहद आयोजन

**नरसिंहपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखंड दीप की शताब्दी वर्ष के आयोजन अगले 5 वर्ष तक चलना है जिसके माध्यम से अखिल विश्व को सन्मार्ग दिखाने के वृहद आयोजन किये जा रहे हैं। गायत्री परिवार के सृजन सैनिकों को संदेश और उद्बोधन के माध्यम से संकल्पित कराया गया गायत्री परिवार ट्रस्ट नरसिंहपुर के सभागार में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली में प्रभाकर तिवारी श्रवण गीते और जबलपुर उज्जैन प्रभारी नरेश तिवारी द्वारा आयोजन की रूपरेखा और संकल्प कराए गए।

## एक नजर में



### विधायक जनसुनवाई में पहुंचे किसान, सुनाई समस्याएं

**गोटेगांव।** स्थानीय विगत दिवस विधायक महेन्द्र नागेश ने रविवार को अपने निज निवास पर जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों एवं आगंतुकों की समस्याएं सुनीं। ज्ञातव्य होवे की लंबे समय से स्थानीय किसान अपनी अति आवश्यक कृषि सामग्री यूरिया के लिए परेशान हो रहा है इस दौरान यूरिया की कमी को लेकर आए किसानों से उन्होंने विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक नागेश ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### जान से मारने की धमकी दी

**गोटेगांव।** समीप पुलिस थाना मुंगवानी के गोरखपुर में खमरिया निवासी शिवा लिका गार्ड के साथ गालियां देते हुए मारपीट करना एवं दांत से काट कर जान से मारने की धमकी देने पर रिपोर्ट होने पर पुलिस ने आरोपी मनोज गौंड़ खमरिया निवासी पर धारा 296,115,118,351 के तहत मामला दर्ज किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**गोटेगांव।** समीपवर्ती पुलिस थाना ठेमी के मल्लाह पिपरिया गांव में अपने घर पर शंभू ठाकुर 29 ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया है। इसने किस कारण से आत्महत्या की है इसकी जांच की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**गोटेगांव।** समीप मुंगवानी थानांतर्गत ट्रक की टक्कर में पैदल जा रहे राहगीर की मौत हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल तो पहुंचाया। लेकिन वे वहां से गायब हो गए। जिला अस्पताल चौकी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार को मुंगवानी टोला के पास 36 वर्षीय रामकुमार पिता पुस्सुलाल यादव पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। ट्रक की चपेट में दो अन्य राहगीर भी आए थे। जिन्हें मुंगवानी पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया था। हालांकि ये दोनों घायल अस्पताल से नदारद मिले। चौकी पुलिस को भी इनकी कोई जानकारी नहीं लगी। फिलहाल मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है।

### शिक्षक से अभद्रता, शिकायत दर्ज

**गोटेगांव।** बीते दिवस शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया लाठगांव में कार्यरत अतिथि शिक्षक हेंमत रजक के साथ शाला परिसर में ही गोटेगांव के एक सदस्य ने पहुंच कर अभद्रता की। इसकी शिकायत जहां विभाग को दी गई है वहीं पुलिस प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रदान की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि शाला के प्रधान पाठक प्रभारी सदस्य ने गोटेगांव से एक सदस्य को बुला कर उसके साथ शाला परिसर में अभद्रता की गई है। जिसमें एक पंचनामा भी बनाया गया है और पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है, शराब पीकर सरकारी स्कूल परिसर में प्रवेश करके अतिथि शिक्षक को डराते धमकाते हुए अभद्रता किए जाने पर गांव के लोग भी कुपित है।

# जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 15 अगस्त 2025 को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में ध्वजारोहण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री राजपूत का प्रात: 8.59 बजे मुख्य अतिथि के रूप में आगमन होगा। प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रधुन एवं सलामी ली जाएगी। प्रात: 9.03 बजे परेड कमांडर द्वारा परेड निरीक्षण हेतु अनुरोध किया जाएगा। प्रात: 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण एवं गुब्बारों का उड्डयन किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन द्वारा संदेश का वाचन, प्रात: 9.55 बजे मुख्य अतिथि का उदबोधन, प्रात: 10 बजे मध्यप्रदेश गान, प्रात: 10.05 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10.40 बजे पुरस्कार वितरण और प्रात: 11 बजे कार्यक्रम समापन एवं मुख्य अतिथि का प्रस्थान




# तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय पर्व को उत्साह उमंग के साथ मनाने का दिया संदेश

**साईखेड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की वृन्दावन जन कल्याण समिति तूमडा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर क्रमाक 1 विकास खंड साईखेडा जिला नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मदिर साईखेडा के छात्र छात्राओ के साथ आचार्य परिवार के सहयोग से घर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाल कर जन जागरण यात्रा गतिविधि संचालित करते हुए आजादी के राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह से मनाते हुये तिरंगा का महत्व एवं इसकी रक्षा के लिए प्राण प्रण से सर्वस्व अर्पित करने वाले वीर जवान स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों क्रातिकारी गणों को याद कर उनके मार्ग पर आने वाली पीढियों को प्रेरित लेना चाहिए नवाकुर संस्था समिति सदस्यों एवं अध्यक्ष राकेश खेमरिया प्राचार्य सुनील स्थापक आचार्य प्रदीप द्ववेदी सुरेश कुशवाहा राजेन्द्र वर्मा आशीष अग्रवाल राम विलास विश्वकर्मा दिनेश अग्रवाल दीदी परवीन वी नेहा लोधी नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा में शामिल सभी छात्र छात्राऔ शाला परिवार का हृदय से आभार।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निकाली तिरंगा रैली

**करेली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करेली एवं समस्त नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिवस करेली नगर में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत करेली बस्ती के विद्यालयो के छात्र - छात्राओं के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस अति महत्वपूर्ण अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का उद्देश्य लोगों में तिरंगे के प्रति सम्मान,देश भक्ति,देश प्रेम की भावनाओं को विकसित करने के साथ-साथ हमारे चारों ओर के परिवेश को स्वच्छ एवं साफ रखने के प्रति लोगों में जन जागरूकता लाना है। साथ ही हर घर स्वच्छता होगी तो हर घर, हर व्यक्ति निरोगी रहेगा इस हेतु भी लोगों में जन जागरूकता लाना है। इन्हीं सभी महत्वपूर्ण उद्देश्यों को लेकर आज की हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। आज की तिरंगा रैली में माधवी पाठक (विकासखंड




समन्वय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद करेली), मीना मंडलोई,( नवांकुर सखि मिलन महिला संघ करेली) वंदना झारिया (सी .एम.सी. एल. डी. पी परामर्शदाता करेली) विजय कुमार चौधरी (नवांकुर संस्था कपूरी) , रघुनंदन लोधी (नवांकुर संस्था नन्ही झामर) राधेश्याम मलाह (नवांकुर संस्था पिपरहा) मयंक शर्मा संचालक सनराइज इंग्लिश स्कूल करेली, संजू महाराज पंडित शिव मंदिर, मुकेश रघुवंशी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी करेली, रामराज कुर्मी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कठौतिया सहित विद्यालय का समस्त कार्यालयीन स्टाफ शासकीय माध्यमिक कन्या शाला (बस्ती करेली ) शासकीय माध्यमिक शाला (बस्ती करेली ) सहित नगर के अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# दोषों को बचाने का करना चाहिए प्रयास : मुनिश्री

**गोटेगांव।** गुरु की दृढ़ता उसके शिष्य में आती है और माता-पिता की दृढ़ता उसकी संतान पर आती है। यदि पुरुषार्थ किया है तो फल से भी कभी मत डरो। आप जो भी क्रिया करोगे उसका फल भी आपको स्वयं को ही मिलना तय है। आपका श्रेष्ठ, धर्म कार्य ही आपके कर्म की सुंदरता है। इसलिए सदैव धर्म की, जाति की शुद्धता रखना बहुत आवश्यक है। सभी को इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए। सचेत रहना चाहिएं । यदि तुम ऐसा कर सकोगे तभी परिवारों में मुनि महाराज बनने की परंपरा चलती रहेगी। ध्यान रखना गृहस्थी किसी भी पद की प्राप्ति के लिए या धर्म विरोधी कार्य के लिए नहीं बननी चाहिए, बल्कि गृहस्थी तो सदैव धर्ममय होनी चाहिए, मोक्ष मार्गी होनी चाहिएं। जन्म मरण से परे मोक्ष मार्ग ही तीर्थंकरों का मार्ग है।ओर इसके अलावा कोई मार्ग श्रेष्ठ हो ही नहीं सकता। यह मोक्ष मार्गी धर्ममय बात गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने कही। नगर के



श्री शांतिनाथ जिनालय के आचार्य विद्यासागर सभागार में उपस्थित श्रावकों से मुनि श्री ने कहा मोक्ष मार्ग शुद्ध मार्ग है। क्योंकि वह अपने आप में शुद्ध मार्ग है ओर इसमें किसी को भी शंका नहीं होनी चाहिए। लेकिन कई बार मोक्ष मार्गी स्वयं गलती कर बैठता है क्योंकि उसकी दृष्टि ही गलत हो जाती है। अज्ञानी और अशक्त व्यक्ति मोक्ष मार्ग पर नहीं आ सकता। अज्ञानी और असक्त दोनों ही स्थिति मोक्ष मार्ग के लिए खतरनाक है। लेकिन फिर भी यदि किसी परिस्थितिवश अज्ञानी या अशक्त मोक्ष मार्ग में आ जाते हैं तो तुम्हें दोनों के दोषों को बचाने का प्रयास करना चाहिए। यदि किसी ने मुनि पद लिया है तो उसे अक्षुण्ण बनाए रखना है । ध्यान रखना चाहे वह मुनि हो, आर्यिका हो, श्रावक हो, या श्राविका हो, अज्ञानी हो या अशक्त हो, सभी को ऐसी स्थिति में संलेखना ले लेना चाहिए। यही उनका श्रेष्ठ मोक्ष मार्गी धर्म है। ग्रहस्थ को भी अपनी संलेखना पूर्ण करना चाहिए । उन्होंने कहा कि बगैर गुरु के समाधि कभी हो ही नहीं सकती। संलेखना धारक को सदैव तप और त्याग बढ़ाना चाहिए। संकल्प पूर्वक अपने व्रत को पूर्ण करना चाहिए। चाहे स्थिति कैसी भी क्यों ना हो धर्मशास्त्र कहता है । सम्यक दृष्टिवान व्रती की दृष्टि सदैव ग्रहण करने पर कम होती है और त्याग करने पर ज्यादा रहती है। जो एक बार छोड़ दिया तो उसे प्राप्त करने की वह व्रती दोबारा कोई चेष्टा नहीं करता है। जिस गुरु से तुम कोई संकल्प लेते हो तो संकल्प में उसी गुरु से ही संशोधन भी हो सकता है। इसके अलावा कहीं कोई अन्य विकल्प नहीं रहता। तभी आप मोक्ष मार्गी होते हो। गुरु के प्रति सदैव कृतज्ञता व्यक्त करना ही श्रेष्ठता है। गुरु की आज्ञा ही सर्वोपरि होती है।

# एसडीएम कार्यालय में किसानों ने की नारेबाजी

**गोटेगांव।** यूरिया खाद नहीं मिलने पर सबसे अधिक परेशान किसान मंगलवार को एसडीएम कार्यालय गोटेगांव पहुंचे। यहां पर यूरिया पाने के लिए नारे बाजी करते रहे, किसानों का कहना है कि गोटेगांव में किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है, जबकि जिला मुख्यालय में यूरिया का रैक खाली हुई है, फिर यूरिया कहां पर चला गया। वहीं किसानों से बात करने पर एसडीएम ने बताया कि उनको जानकारी नहीं है कि यूरिया गोटेगांव आ रहा है या नहीं। यदि गोटेगांव यूरिया की खेप आती है तो उनको जल्द ही जानकारी प्रदान की जाएगी। एसडीएम से बातचीत के बाद भी भारी संख्या में किसान एसडीएम कार्यालय के बाहर यूरिया के इंतजार में मौजूद रहे। उनका कहना है कि यूरिया कोई खाने की वस्तु तो नहींहै, किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए यूरिया की जरूरत है जो उनको प्राप्त नहीं हो रहा है। इसलिए अधिकारी के पास यूरिया दिलाने की गुहार के साथ सभी किसान पहुंचे है।


**कार्यालय नगर परिषद तेंदूखेड़ा जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**

(Phone: 07791-252249 Email: cmotendukhedanarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं./630/ई-टेण्डर/2025-26 //निविदा सूचना// तेन्दूखेड़ा दिनांक:- 08/08/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_ 443058_1 08/08/2025 | वार्ड क्र. 07 में पत्रकार भवन निर्माण कार्य। (सांसद निधि) | 03 माह 346658.00 | 2000.00 3470.00 | 26/08/2025 |
| 2. | 2025_UAD_ 443059_1 08/08/2025 | वार्ड क्र. 13 में शंकर मंदिर के पास चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कार्य।((सांसद निधि) | 02 माह 183134.00 | 1000.00 3665.00 | 26/08/2025 |
| 3. | 2025_UAD_ 443060_1 08/08/2025 | वार्ड क्र. 07 में पत्रकार भवन निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 02 माह 259696.00 | 2000.00 2600.00 | 26/08/2025 |
| 4. | 2025_UAD_ 443061_1 08/08/2025 | वार्ड क्र. 14, जामुनपानी में मुक्तिधाम निर्माण कार्य। | 02 माह 271924.00 | 2000.00 2720.00 | 26/08/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, तेंदूखेड़ा**